संख्या—**cm-406**
**26/11/2024**

# मुख्यमंत्री ने जिला अतिथि गृह एवं बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय भवन का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा—निर्देश

पटना, 26 नवम्बर 2024 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जिला अतिथि गृह, पटना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जिला अतिथि गृह के पुराने कमरों को तोड़कर यहां जो 55 कमरे का नया अतिथि गृह भवन बना है, उसके अनुरूप नया निर्माण कराया जाय। अतिथि गृह के इस नये निर्माण से आने वाले अतिथियों को काफी सुविधा होगी। जिला अतिथि गृह के अंदर के रास्तों को भी ठीक कराने का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया। उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण का भी निर्देश दिया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय भवन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने साइट प्लान के माध्यम से निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय भवन के बचे हुये निर्माण कार्य में तेजी लाकर यथाशीघ्र पूर्ण करायें। इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से शिक्षकों, कर्मियों, पशुपालकों एवं छात्र—छात्राओं को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती एन0 विजयलक्ष्मी, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह सहित बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******